तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, सोमवार 7 जुलाई 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 साजा विधायक ने जल संकट से राहत हेतु बीस ग्रामों को वितरित ...


10 ऑडिटोरियम में 8 साल पहले 13 करोड़ खर्च, 10 करोड़ ...


स्थापना वर्ष 2014
VIPS
आइये मेडिकल के क्षेत्र में अपना भविष्य बनायें...
विजन पैरामेडिकल
INFORMATION | CAREER GUIDANCE | ADMISSION
COUNSELING & COACHING CENTER
प्रवेश प्रारंभ
गुणवत्ता युक्त एवं विश्वसनीय सेंटर
सभी पाठ्यक्रम छत्तीसगढ़ में नौकरी एवं रजिस्ट्रेशन हेतु मान्य है।
मो.: 9340751120, 9131330801, 7869622725
गर्ल्स हॉस्टल सुविधा उपलब्ध
पता : कोबिया सृजन ITI के पीछे, बेमेतरा (छ.ग.)
योग्यता - 12वीं (जीव विज्ञान)
COURSES
BACHELOR IN MED.LAB.TECHNICIAN - 3 Years
DIPLOMA IN MED.LAB.TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN AYURVEDIC PHARMACY - 2 Years
DIPLOMA IN X-RAY TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN OPTHELMIC TECHNICIAN - 2 Years
CERTIFICATE IN OT TECHNICIAN - 1 Years

## मोहर्रम पर मनाया गया शहादत दिवस, मस्जिदों में नमाज पढ़ी और हुई तकरीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिलेभर के मुस्लिम समुदाय ने रविवार मोहर्रम माह के 10वें दिन शहादत एवं बलिदान के पर्व के रूप में याद कर मनाया गया। जिसमें मुस्लिम बाहुल्य इलाको में कही-कही पारंपरिक रूप से ताजिया निकालकर हजरत इमाम हसन हुसैन की शहादत को याद किया गया तो कही इस अवसर पर दिनभर के रोजे रखते हुए विशेष नमाज के साथ धार्मिक ग्रन्थ कुरान शरीफ की तिलावत (पढ़ाई) की गई। गौरतलब हो कि इस्लामिक कैलेण्डर के मुताबिक मोहर्रम माह मुस्लिम धर्मलंबियों के लिए साल का पहला महीना होता है जिसकी 10वीं तारीख को हजरत मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हसन हुसैन अपने 72 साथियों के साथ कर्बला (इराक) के मैदान में यजीद के खिलाफ लड़ाई लड़ते हुए शहादत हुए थे। जिसकी याद में हर साल इस्लामिक मोहर्रम माह के 10वें तारीख को मोहर्रम का यह शहीदी दिवस को पारम्परिक रूप में मनाया जाता है। फिलहाल विगत वर्षों की भांति इस बार भी बेमेतरा शहर के साथ थान-खम्हरिया, देवकर, नवागढ़ व परपोड़ी में जहाँ मुस्लिम समाज द्वारा बिना ताजिया के मोहर्रम पर्व मनाया गया वही सुबह असुरा की दुआएं की गई और रोजा (उपवास) रखने के साथ विशेष नमाज अदा की गई। साथ ही कुरान की तिलावत व पर्व को लेकर धर्म गुरुओं ने तकरीर (प्रवचन) भी दिए। जबकि जिले के नांदघाट, बासीन, सरदा, बिरनपुर, सम्बलपुर, मारो, हसदा, कोंगिया, बारगाँव, मोहगांव, सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में बकायदा परम्परागत रूप से ताजिया बनाकर हजरत हसन हुसैन सहित उनके साथियो शहीद को याद किया गया। सभी इलाकों में पारम्परिक वेशभूषा में मुस्लिम समाज के द्वारा देर रात शहीद हसन हुसैन स्वरूप ताजिया को हर साल की तरह नदी व तालाबों में सुपुर्द ए खाक विसर्जन की परम्परा का निर्वहन किया गया। इस दौरान दिनभर सभी इलाको में शांतिप्रिय स्थिति रही एवं हर वर्ष की तरह मोहर्रम का शहीदी पर्व मनाया गया।

**खास बातें**

- ताजिया निकालकर हजरत इमाम हसन हुसैन की शहादत को याद किया
- हजरत मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हसन हुसैन अपने 72 साथियों के साथ शहादत दी



### खबर संक्षेप

#### 13 सटोरिया को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भिलाई।** अलग-अलग स्थानों पर पुलिस ने दबिश देकर 13 सटोरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सटोरियों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि कोतवाली दुर्ग ने जुआ खेलने व खिलाने वालों पर कार्रवाई कर हटरी बाजार दुर्ग में दबिश दिया। जहां से पुलिस ने मो. नसीर, पांच बिल्डिंग दुर्ग मो. हनीफ, पटेल चौक सुरेश साहू, शफी अख्तर,डिपरापारा दुर्ग गौतम यादव, तकियापारा सुनील राव, ज्योति राव, फिरोज अली, इंदिरा कॉलोनी संजीव सोनी, पोटिया रोड शशि सेंद्रे, लुचकी पारा नाज बेगम, कसारीडीह खिलेश्वर यादव, पोलसायपारा मो. जहीर को पकड़ा गया। इनके पास से पुलिस ने कुल 18 हजार 430 रुपए जब्त किया है।

#### दो हत्याकांड में पुलिस के हाथ खाली

**भिलाई।** पुरानी भिलाई और उतई थाना क्षेत्र में हुए हत्याकांड में पुलिस के हाथ खाली है। भिलाई तीन निवासी हितलेश मारकंडे की लाश श्रीराम सिटी के बाउंड्रीवाल के पास पड़ी मिली थी। घटना को गटना को 14 दिन बीत गए लेकिन आरोपी का कुछ पता नहीं चल पाया है। हितलेश भिलाई-चरोदा में निगम में श्रमिक के रुप में काम करता था। पुलिस आसपास के संदिग्ध किस्म के युवकों से पूछताछ किया। मगर पुलिस को कोई भी सुराग नहीं मिल पाया है। आसपास में लगे सीसी कैमरों को भी पुलिस खंगाल रही है। संदेह जताया जा रहा कि मृतक किसी के साथ शराब पीया होगा लेकिन किसी बात को लेकर आपस में विवाद हुआ। उसके बाद आरोपी ने हत्या कर दी होगी। फिलहाल पुलिस जांच के बाद ही असली कारण का पता चल पाएगा। वहीं दूसरी घटना उतई थाना क्षेत्र का है। जहां राज कुमार यादव नामक युवक जो जंजगिरी के फार्म हाउस में श्रमिक के रुप में काम करता था। डुंडेरा मोरिद मार्ग में राज कुमार के सीने में धरदार हथियार मारकर हत्या कर आरोपी फरार हो गया। उक्त दोनों मामलों में आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर है।

#### अफसर का झांसा देकर वृद्धा से 22 लाख ठगा

**भिलाई।** डिजिटल अरेस्ट का झांसा देकर अज्ञात ने वृद्ध ले लाखों रुपए का ठगी किया है। घटना पदमनाभपुर थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि जोन 1 न्यू आदर्श नगर दुर्ग निवासी सुभाषिनी जैम्स को अज्ञात ने 1 जुलाई की सुबह उनके मोबाइल पर वाट्सएप काल किया। कॉलर ने स्वयं को मुम्बई पुलिस से सीबीआई आफसर होने का झांसा दिया। अज्ञात ने पीड़ित को खाते से हवाला का 6. 80 करोड़ रुपए जमा होना बताया गया। अज्ञात ने वृद्ध को पुलिस का डर दिखाया गया। मुंबई पुलिस जांच के लिए वृद्ध को मुम्बई आने को बोला। इसे सुनकर वृद्धा काफी डर गई। इसके बाद अज्ञात मे वृद्धा को विडियो काल के जरिए पुलिस अधिकारी का कपडे पहने व्यक्ति से बात कराई गई। वर्दीधारी ने वृद्ध को सहायता करने का झांसा दिया। वृद्ध से अज्ञात पूछने लगा कि कौन से बैंक में उनका फिक्स डिपाजिट है। परेशान वृद्धा ने उसे बता दिया कि इंडियन पोस्ट बैंक में फिक्स डिपाजिट है। उसने फिक्स डिपाजिट तोडकर बैंक खाते में रुपए ट्रांसफर करने की सलाह वृद्धा को दी।

**मौसम**

**किसान बोआई मताई और रोपाई के काम में व्यस्त**

## 4 दिनों से रिमझिम बारिश किसानी के लिए अमृत पर रोजमर्रा के काम अटके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

मानसूनी हवाओं के जोर पकड़ने के बाद झड़ी लगी हुई है। 4 दिनों से रिमझिम बारिश थमने का नाम नहीं ले रही है। रह रह कर हो रही बारिश ने रोजमर्रा के काम प्रभावित कर दिए हैं। एक ही रफ्तार के साथ हल्की बारिश रविवार की सुबह से होती रही और लोगों को दुबकने के लिए मजबूर कर दिया।

हालांकि दोपहर बाद बादल छठे और बारिश से राहत मिली लेकिन बारिश में इस दौरान सड़कों का हाल- बेहाल जहां कर दिया है वहीं सड़कों पर बने घंटा में पानी भर जाने से हादसे का अंदेशा भी आने लगा है। समय से पहले संबंधित विभाग को ध्यान देने की आवश्यकता है। मौसम विभाग के अनुसार मानसून ड्रोनिक बंगाल की खाड़ी तक बनी हुई है वही चक्रवर्ती परी संरचना के कारण निम्न दाब का असर देखा जा रहा है इस बारिश हो रही है मौसम विभाग के अनुसार पूरे प्रदेश में रह रह कर बारिश हो रही है। रविवार सुबह से हो रही बारिश के कारण लोगों को घर पर ही रहना पड़ा हालांकि बारिश के बाद लोगों ने घरों से निकाल कर अपने काम निपटाने की पहल की।

**सड़कों के गड्ढों से हादसे की आशंका बढ़ी, समय पर नहीं की मरम्मत**



### कोरोबार ठंडा, दुकानें समय से पहले बंद

रिमझिम बारिश से बेमेतरा का प्रमुख बाजार, सब्जी मंडी और बस स्टैंड क्षेत्र सबसे ज्यादा प्रभावित हुए। तीन चार दिनों से रुक रुक कर बारिश से दुकानदारों को अपनी दुकानें जल्दी बंद करनी पड़ रही। ग्राहक जो खरीदारी में आते हैं, वे बारिश से बचने के लिए दुकानों की शरण लेते नज़र आए। सब्जियों और फलों के ठेलों पर पानी भर जाने से नुकसान हुआ। छोटे व्यापारियों ने कहा कि रोज हल्की बारिश से बिक्री पर असर पड़ा है।

### किसानों के लिए संजीवनी बनी बारिश

किसानों के लिए यह बारिश संजीवनी साबित हुई है। क्षेत्र के किसान धान की बोआई, नरवाई जलाने के बाद खेत की तैयारी, और सब्जियों की बुवाई के लिए मिट्टी में नमी का इंतजार कर रहे थे। यह बारिश खेतों के लिए पर्याप्त नमी लेकर आई है। कई गांवों के किसानों ने बताया कि अगर आगामी कुछ दिनों तक हल्की बारिश होती रही तो खेती की तैयारी जोरों पर शुरू हो जाएगी। किसान अशोक वर्मा ने कहा कि गर्मी से हाल बेहाल था, खेत सूखे थे। भले ही हल्की बारिश हो रही है लेकिन इस बारिश से जैसे जान लौट आई हो।

### तेज गर्मी से मिली राहत

पिछले एक सप्ताह से जिले में अधिकतम तापमान 41 से 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा था। उमस और गर्म हवाओं से जनजीवन प्रभावित था। लेकिन इन चार दिनों की हल्की और रुक रुक कर होने वाली बारिश से मौसम एकदम बदल गया। लोगों ने खिड़कियाँ खोल दीं, कूलर बंद कर दिए और खुले में घूमने निकले। रातभर ठंडी हवाएं राहत दे रही हैं।

## मवेशी को बचते सीमेंट लदा ट्रक दूसरे वाहन से टकराकर पलटा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

दुर्ग-बेमेतरा राजकीय राजमार्ग की सड़क पर बीते रविवार की दोपहर एक सड़क दुर्घटना घटी। जिसमे सड़क पर बैठे मवेशी को बचाने के चक्कर सीमेंट से भरा ट्रक विपरीत दिशा से आ रहे आइचर वाहन को ठोकर मारकर पलट गया।

हालाँकि इस घटना में कोई हताहत तो नह हुआ है किन्तु ट्रक चालक को गम्भीर चोट आने से घायल अवस्था मे अस्पताल रिफर किया गया है। क्षेत्र में हुई इस हादसे की सूचना मिलते ही देवकर चौकी की पुलिस टीम मौके पर तत्काल पहुंचकर घायल चालक को अस्पताल पहुंचाने में मदद की एवं हादसे के सम्बंध में पूछताछ की जा रही है। जानकारी के मुताबिक पुलिस चौकी देवकर क्षेत्र के देवकर एवं राखी-जोबा के बीच स्टेट हाइवे पर कल दोपहर साढ़े 11 बजे कर करीब यह दुर्घटना हुई। जिसमें बलौदाबाजार से राजनांदगांव जा रही सीमेन्ट से लदा ट्रक विपरीत दिशा में केले से भरे बिलासपुर की ओर जा रहे आईचर वाहन को मवेशी बचाने के चक्कर मे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों वाहनों अपनी-अपनी साइड पर सड़क से नीचे जाकर पलट गई। जिसके बाद राहगीरों एवं स्थानीय लोगों की भीड़ घटनास्थल पर जुट गई। हालाँकि ट्रक पर चालक के ही सवार होने पर उनको काफी चोट लगी, जिसको फिलहाल ▶▶| शेष पेज 11 पर

- दुर्ग-बेमेतरा राजकीय राजमार्ग पर हुआ हादसा, ट्रक चालक गम्भीर, उपचार जारी

## मनियारी में हुआ सड़क निर्माण का भूमिपूजन पर काम अटका



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

शिलान्यास अंतर्गत लोक निर्माण विभाग बेमेतरा के ब्लॉक बेरला क्षेत्र के ग्राम मनियारी के लिए सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन होने के बाद भी कार्य अब तक शुरू नहीं होना ग्रामीणों में बढ़ती जा रही आक्रोश। आपको बता दें कि जनपद पंचायत बेरला के ग्राम पंचायत देवरबीजा में पंचायत मंत्री रविन्द्र चौबे ने किया देवरबीजा में नवीन शासकीय महाविद्यालय का शुभारंभ कार्यक्रम उपस्थित हुए थे।

जहां पर शुभारम्भ के साथ-साथ विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कर सौगात दी थी। बेमेतरा 16 अगस्त 2023 को पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री रविन्द्र चौबे ने बेरला ब्लॉक के ग्राम पंचायत देवरबीजा में नवीन शासकीय महाविद्यालय का फीता काटकर शुभारम्भ किया। जिसमें सुगम सड़क योजना मनियारी सीसी रोड के लिए 19.73 लाख रूपये शामिल है। जिनका भूमिपूजन किया गया उसके बाद भी निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं हुए है। जिससे



ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त बढ़ता जा रहा है। हाल ही बारिश का सीजन चालू हो गए। लगातर मौसम रिमझिम व तेज बारिश के कारण गांव को गालियां कीचड़युक्त होने से सालो से परेशानियों को झेलना मजबूरी बन गया है। कहीं न कहीं पूर्व पंचायत मंत्री रविन्द्र चौबे की देन और सहयोग से ग्राम मनियारी में सीसी रोड निर्माण होने की उम्मीद की किरण जलने लगी थी। लेकिन सड़क निर्माण की दूर की बात है। संबंधित विभागीय अधिकारी की मौके निरीक्षण व इंजीनियर व ठेकेदार तक ▶▶| शेष पेज 11 पर

## कैलाशानंद महाराज से तिवारी ने की भेंट और दिया निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं क्षेत्र के भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने रायपुर प्रवास के दौरान देश के प्रख्यात संत महामंडलेश्वर कैलाशानंद महाराज जी से सौजन्य मुलाकात की। इस भेंट में उन्होंने महाराज से आशीर्वाद प्राप्त करते हुए उन्हें बेमेतरा जिले में एक दिवसीय प्रवास हेतु आमंत्रित किया। श्री तिवारी ने कहा कि आपके आगमन से बेमेतरा की आध्यात्मिक चेतना को एक नई दिशा मिलेगी। यहां के श्रद्धालु, युवा और संगठन के कार्यकर्ता आपके दिव्य सान्निध्य की प्रतीक्षा कर रहे हैं।" उन्होंने आग्रह किया कि महामंडलेश्वर जी बेमेतरा आकर अपने अमृतमय प्रवचनों से जनमानस को लाभान्वित करें।

इस सौहार्दपूर्ण भेंट में धर्म, संस्कृति, राष्ट्र निर्माण, युवा जागरूकता और सनातन मूल्यों के संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। महामंडलेश्वर कैलाशानंद महाराज ने श्री तिवारी के आग्रह को सहर्ष स्वीकार करते हुए शीघ्र ही बेमेतरा आगमन का आश्वासन दिया। उन्होंने श्री तिवारी द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में धर्म और संस्कृति के प्रचार- प्रसार हेतु किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया। भेंट के दौरान गौ सेवा, सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक जागरूकता और नई पीढ़ी में धार्मिक मूल्यों के संवर्धन को लेकर भी विशेष चर्चा हुई। ▶▶| शेष पेज 11 पर



**सरपंच सचिव व ठेकेदार के बीच कमिशन का खेल उजागर, पर कार्रवाई नहीं**

**सरपंच जीते-हारे पर स्टेडियम का निर्माण नहीं हुआ पूरा**

## मिनी स्टेडियम पर विवाद गहराया, 40 फीसदी राशि अग्रिम निकाली फिर भी निर्माण है अधूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

जनपद के अंतर्गत बन रहे मिनी स्टेडियम विवादों में घिरता जा रहा है ऐसा लगता है यह कोई मिनी स्टेडियम ना होकर वानखेडे का मैदान तैयार हो रहा है 1 साल से अधिक का समय बीत चुका है किसी भी स्टेडियम का कार्य पूरा नहीं हुआ ग्राम पंचायत के माध्यम से होने वाली निर्माणकार्य में 40% की राशि अग्रिम निकाली जा चुकी है सरपंच सचिव व ठेकेदार के बीच कमिशन का खेल भी मैदान बनने के पहले ही हो चुका है कई सरपंच चुनाव हार कर बाहर जा चुके हैं और निर्माण कार्य लगभग नहीं के बराबर है गुणवत्ता की तो बात ही ना की जाए तो ज्यादा अच्छा है इस मैदान को लेकर राजनीति के मैदान में ऐसा खेल चला की विधायक को भी स्टेडियम का





निरीक्षण करना पड़ गया इस निर्माण कार्य की शिकायत गृह मंत्री तक पहुंच चुकी है यह पहला निर्माण कार्य है जिसके लिए अब समय सीमा तय कर दिए हैं 3 माह के भीतर मिनी स्टेडियम का निर्माण पूरा करना है जिसकी संभावना नहीं के बराबर है अभी तक 40% काम में नहीं हुआ आने वाले बरसात को देखते हुए निर्माण कार्य पूर्ण होने की संभावना नहीं के बराबर है यह पहला कार्य होगा जिसमें गुणवत्ता दर किनार होगी विधायक ने अपने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ दीपावली के पूर्व निर्माण कार्य पूर्ण करने की हिदायत दे दी है यह स्टेडियम कई विवादों के साथ ▶▶| शेष पेज 11 पर

### अंचल में 22 मिनी स्टेडियम स्वीकृति

जनपद के अंतर्गत 22 ग्राम पंचायत मिनी स्टेडियम का निर्माण होना है जिसमें 9 पंचायत को 5 लाख से अधिक की वसूली राशि के लिए पत्र भेज चुका है यदि यह कार्य पूरा नहीं होता तो इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित पंचायत के सरपंच व सचिव की होगी क्योंकि कार्य एजेंसी ग्राम पंचायत है बाकी खेल मैदान के बाहर का है।

**विधायक ने किया निरीक्षण :** भारी बारिश के बावजूद विधायक ईश्वर ने जनपद सीईओ एस डी ओ ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संबंधित इंजीनियर के साथ सचिव सरपंच व ग्रामीणो के साथ जाकर सभी निर्माण कार्य को देखा यह पहली बार है जब किसी विधायक ने निर्माण कार्योंक लिए भ्रमण किया है पूरे कड़े तेवर के साथ विधायक ने निर्माण कार्यों के लिए अधिकारियों को फटकार लगाते हुए ठेकेदारों पर अंकुश लगाने के सख्त निर्देश दिए उन्हें स्पष्ट रूप से कहा की कोई फोकट में काम नहीं करता।

# ट्विनसिटी में शाम को हुई बारिश, तीन दिनों तक भारी बारिश के आसार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

पिछले तीन दिनों से आसमान पर बदली छाई हुई है लेकिन बारिश नहीं के बराबर हो रही थी। शनिवार की शाम को ट्विनसिटी में बारिश हुई। मौसम विभाग ने आने वाले तीन दिनों तक भारी बारिश का सिस्टम बनने के संकेत दिए हैं। दुर्ग जिले में 3 जुलाई तक 116.4 मिलीमीटर बारिश ही हो पाई है। जबकि पिछले साल यानी वर्ष 2024 में 228.4 मिलीमीटर बारिश हो चुकी थी। इस तरह अब भी 49 मिलीमीटर बारिश कम हुई है। जुलाई महीने में 106 प्रतिशत बारिश की संभावना जताई गई है। इसलिए किसानों की उम्मीदें इस महीने बनी हुई है।

## जून महीने में अपेक्षित बारिश नहीं होने के बाद अब जुलाई में अच्छी बारिश की उम्मीद

### बदली पूरे दिन पर बरस नहीं रहे बादल

जुलाई महीने की शुरूआत से अच्छी वर्षा होने का अनुमान लगाया गया था। आसमान पर बादल भी पूरे दिन छाते रहे। बादल आते और जाते लेकिन बरसे नहीं। दिनभर में कुछ ही देर के लिए अलग-अलग क्षेत्रों में जरूर बारिश हुई लेकिन खंड वर्षा जैसे हालात दिखाई दिए। एक किलोमीटर हिस्से पर सड़क भींग जाती तो उससे आगे सूखे की स्थिति नजर आती। जिससे मानसून को लेकर किसानों में चिंता व्याप्त होने लगी है।



### 11.8 मिलीमीटर हुई बारिश

शनिवार को दुर्ग जिले में 11.8 मिलीमीटर वर्षा हुई है। बारिश होने से अधिकतम तापमान में भी लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। 5 जून को दुर्ग जिले का अधिकतम तापमान 29.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। जो सामान्य से 1.8 डिग्री सेल्सियस कम रहा। इसी तरह न्यूनतम तापमान में भी गिरावट आई है। न्यूनतम तापमान 11.8 डिग्री सेल्सियस नीचे चला गया है।

### इस तरह बन रहा मानसून का सिस्टम

मौसम विभाग के मुताबिक मानसून की द्रोणिका समुद्र तल से श्री गंगानगर, भिवानी, आगरा,बांद्रा, पुरलिया होते हुए पूर्व दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक जा रही है। दूसरा उत्तर-पूर्व मध्य प्रदेश और आसपास में चक्रवाती परिसंचरण 1.5 किमी तक बना हुआ है।तीसरा गंगीय पश्चिम बंगाल के उत्तरी भागों और आसपास क्षेत्रों में चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है और अब यह समुद्र तल से 7.6 किमी ऊपर तक फैला हुआ है। जो ऊचाई के साथ दक्षिण पश्चिम की ओर झुक रहा है। इसके प्रभाव से अगले 24 घंटों के दौरान गंगीय पश्चिम बंगाल और आसपास के क्षेत्रों में एक निम्न दाब का क्षेत्र बन रहा है। चौथी द्रोणिका जब उत्तर-पूर्व अरब सागर से गंगीय पश्चिम बंगाल के उत्तरी भागों और आसपास क्षेत्रों के उपरोक्त चक्रवाती परिसंचरण तक उत्तर गुजरात , उत्तर मध्य प्रदेश, झारखंड से दक्षिण-पूर्व तक समुद्र तल से 3.1 किमी और 5.3 किमी तक ऊपर दक्षिण की ओर झुक रही है।

## खबर संक्षेप

### पार्क में टूटे हुए झूलों की होगी मरम्मत

**दुर्ग।** शहर के प्रमुख गार्डनों में से एक दादा-दादी नाना-नानी पार्क में जल्द ही रौनक लौटेगी। गार्डन का कायाकल्प किया जाएगा। इसके लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। उद्यानिकी प्रभारी काशीराम कोसरे ने निरीक्षक अनिल सिंह, भोला महोबिया के साथ गार्डन का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने गार्डन से जुड़ी जानकारी ली। साफ सफाई रख-रखाव व्यवस्था पर विशेष ध्यान जनहित में जन सुविधा हेतु दिया जा रहा है। उन्होंने गार्डन के बाहर और भीतर गाजर घास की कटाई के निर्देश दिए। कोसरे ने कहा कि बारिश के बाद पार्क में बेहतर रंगरोहन व गार्डन को व्यवस्थित करने, टूटे हुए झूलो को मरमत के साथ साथ साफ साफ व्यवस्थाएं दुरुस्त सहित प्रकाश व्यवस्थाओ में ध्यान रखने को कहा गया है।

### डॉक्टरों के सेवाभावी कार्यों की सराहना, 26 चिकित्सक सम्मानित

**दुर्ग ।** लायंस क्लब ऑफ दुर्ग सिटी द्वारा डॉक्टर्स डे पर जिला अस्पताल के 26 डॉक्टरों का सम्मान कर उनके सेवाभावी कार्यों की सराहना की गई। डॉ. प्रवीण अग्रवाल, डॉ. ममता पांडे के अलावा अन्य डॉक्टरों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला अस्पताल के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. आशीनन मिंज ने लायंस क्लब ऑफ दुर्ग सिटी के सेवाकार्यों की प्रशंसा की और उन्हें साधुवाद दिया।

## बढ़ी लागत : तत्कालीन मंत्री के निर्देश पर 5 संभागों में मिली थी स्वीकृति

# ऑडिटोरियम में 8 साल पहले 13 करोड़ खर्च, 10 करोड़ और खर्चेंगे

### 2017 में शुरू हुआ था निर्माण, अब तक काम नहीं हुआ पूरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

वर्ष 2017 से अधूरे पड़े ऑडिटोरियम का फिर से निर्माण शुरू होगा। साइंस कॉलेज में निर्माणाधीन इस ऑडिटोरियम का निर्माण पूरा करने राज्य शासन द्वारा हाल ही में 10 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई है। राशि जारी होने के बाद पीडब्ल्यूडी ने वर्क आर्डर भी जारी कर दिया है। साढे सात सौ सीटर वाले ऑडिटोरियम के निर्माण से न सिर्फ कॉलेज प्रबंधन और छात्र बल्कि जिला प्रशासन को भी आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के लिए नई जगह मिल जाएगी। वहीं शहरवासियों को भी इसकी उपयोगिता से बढी राहत मिलेगी।

जानकारी अनुसार वर्ष 2017 से साइंस कॉलेज में ऑडिटोरियम का निर्माण किया जा रह हैं। वर्तमान में यहां बिल्डिंग पूरी तरह से बनकर तैयार है। अफसरों के अनुसार अब तक 13 करोड़ रुपए भी खर्च हो चुके हैं। लेकिन शेष राशि नही मिलने के कारण निर्माण कार्य आठ साल से अधूरा था। उल्लेखनीय है कि इस अधूरे ऑडिटोरियम के निर्माण को लेकर कांग्रेस शासनकाल में शहरवासियों ने उम्मीद भी पाली थी। लेकिन कांग्रेस शासन में पांच साल तक यह राशि जारी नही की गई। बहरहाल साइंस कालेज प्रबंधन को विभिन्न कार्यक्रमों के लिए अन्य जगह व्यवस्था करनी पड़ती है। शहर में पिछले लंबे समय से ऑडिटोरियम की मांग हो रही थी। प्रशासन द्वारा प्रशासकीय कार्यक्रमों के लिए बीआईटी कॉलेज का



### रिवाइज्ड प्लान के चलते अटका रहा निर्माण

साइंस कॉलेज के ऑडिटोरियम निर्माण में देरी का सबसे बडा कारण प्लानिंग बदलना रहा। पीडब्ल्यूडी के अफसरों ने पूर्व में 13 करोड़ रुपए खर्च कर चुके है। लेकिन बाद में फिर से प्लानिंग बनाई गई। जिसमें वीआईपी लाउज और बेसमेंट बनाने का कार्य जोडा गया। इस पर अब दस करोड़ अतिरिक्त राशि जोड़कर रिवाइज्ड प्लान तैयार किया गया था। इस पुनरीक्षित डिमांड को पिछले साल विधायक गजेन्द्र यादव की अनुशंसा पर पीडब्ल्यूडी विभाग ने राज्य शासन को भेजा था।

### देरी से 80 फीसदी बढ़ गई लागत

साइंस कालेज में निर्माणाधीन आडिटोरियम वर्ष 2021 तक बन जाना था। लेकिन इसे अब तक पूरा नही किया गया। इस आडिटोरियम के बन जाने से न सिर्फ कालेज प्रबंधन बल्कि शहर में विविध आयोजनों के लिए लोगों को राहत मिलती। निर्माण में देरी के चलते इसका निर्माण लागत भी अस्सी फीसदी तक बढ गया और वर्तमान स्थिति कबाड होने पर पहुंच गई थी। विभाग की माने तो आडिटोरियम में देरी होने का मुख्य कारण ड्राइंग डिजाइन को बार-बार बदला जाना है।

### आडिटोरियम में मिलेगी ऐसी सुविधा

पूराने ऑडिटोरियम में पुराने दिवारों के उपर फॉल सिलिंग, ऑडिटोरियम में एसी व ऑडिटोरियम के अंदर कैमरे और डीमर लाइट लगेगा। आडिटोरियम के अंदर प्रोजेक्टर में एक साथ साढे सात सौ सीट में छात्र प्रेजेंटेशन का लाभ ले सकते। इससे पढ़ाई से संबधित सभी प्रेजेंटेशन को दिखाया जाएगा। साइंस कालेज प्रबंधक द्वारा पढाई के उपयोग करने के आलावा, इसका उपयोग शासकीय व अशासकीय के रूप में भी होगा। दुर्ग में आडिटोरियम की कमी के चलते कार्यक्रम के लिए आयोजक भिलाई की ओर रूख करते थे।

### मिलेगी सौगात

पिछले आठ साल से ऑडिटोरियम का निर्माण अधूरा था। पूर्व में 13 करोड़ खर्च हुए थे। वर्तमान में दस करोड़ की मंजूरी मिलने के बाद ऑडिटोरियम को सर्वसुविधायुक्त बनाया जा रहा है। शहरवासियों को जल्द ही इसकी सौगात मिलेगी। **-गजेन्द्र यादव,** विधायक दुर्ग

### वर्कआर्डर जारी

साइंस कालेज में आडिटोरियम निर्माण के लिए दस करोड की राशि स्वीकृत हो गई है। रायपुर की ए न्यू कंट्रक्शन को टेंडर दिया गया है। जिसका वर्कआर्डर विगत 27 जून को जारी कर दिया गया है। **-आशीष भट्टाचार्य,** ईई पीडब्ल्यूडी विभाग दुर्ग

# बारिश में मैदानी स्वास्थ्य अमला रहेगा तैनात



हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

वर्षा ऋतु में मौसमी बीमारियों को लेकर मैदानी स्वास्थ्य अमले की भूमिका को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने शनिवार को महत्वपूर्ण बैठक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई-3 में हुई। जिसमें दवाओं से लेकर आवश्यक सामग्री, भर्ती मरीज करने, बेड की स्थिति और उपकरणों की जानकारी के मौजूदा स्थिति की समीक्षा की गई। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज दानी ने सभी से वर्षा ऋतु में हल्का ताजा भोजन करने और बासी भोजन से बचने कहा। उन्होंने बताया कि सभी शासकीय अस्पतालों में सभी प्रकार की दवा ओर उपकरणों सहित जीवन रक्षक दवाएं उपलब्ध है, इसके लिए जागरूक रहना चाहिए सर्तक रहना ओर नीम हकीम से इलाज कराने से बचना चाहिए।

■ स्वास्थ्य विभाग ने की बैठक में दिए गए निर्देश

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. भुनेश्वर कठौतिया ने बताया कि वायरल फीवर, टाइफाइड, डेंगू और उल्टी दस्त के प्रकरणों में बढ़ोतरी मिल सकतीं हैं इसलिए पानी उबालकर ठंडा होने पर उपयोग करें। ताजा भोजन करें बासी भोजन से उपयोग से बचें। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई-3 के चिकित्सा अधिकारी डॉ शिखर अग्रवाल ने सभी लोगों से अपील की कि अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। पानी में अनावश्यक न भीगें, फल सब्जियां को धोकर पकाएं, किसी भी खुले में बिकने वाले सामान में मक्खियां और अन्य कीट बैठते हैं, जिससे रोग हो सकता है। सभी स्वास्थ्य केंद्र में डेंगू मलेरिया की निशुल्क जांच की सुविधा उपलब्ध है। शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम चरोदा भिलाई 3 के बी ई ईटीओ सैय्यद असलम ने बताया कि वर्षा ऋतु में जलजनित रोग टाइफाइड, बुखार, वायरल फीवर, उल्टी दस्त, डेंगू ओर विभिन्न संक्रमण रोग का प्रसारण होता है। लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए। फील्ड के स्वास्थ्य कर्मचारियों के पास वर्षा जनित रोगों की दवाओंर की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। बैठक में सभी बुखार की जांच किट और डेंगू-मलेरिया की आवश्यकता की जानकारी ली गई।

# पहली काउंसिलिंग के लिए पंजीयन शुरू एग्रीकल्चर के लिए रजिस्ट्रेशन 13 तक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

हार्टीकल्चर के दो नए सरकारी कॉलेजों में एडमिशन इसी सत्र से शुरू होगा। नए कॉलेज खुलने से 64 सीटें बढ़ गई है। बीएससी

■ हार्टीकल्चर के दो नए सरकारी कॉलेजों में

हार्टीकल्चर में एडमिशन के लिए पहले चरण की काउंसिलिंग शनिवार को शुरू हुई। इसके तहत 13 जुलाई तक पंजीयन किए जा सकेंगे। वहीं दूसरी ओर बीएससी एग्रीकल्चर में प्रवेश के लिए पहले चरण की कॉउंसिलिंग शुरू हो चुकी है। रजिस्ट्रेशन 11 जुलाई तक किए जा सकते हैं। इस बार प्री एग्रीकल्चर टेस्ट में 20 हजार परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इसके नतीजे पिछले दिनों जारी हुए। इसके आधार पर दोनों कोसे में प्रवेश होगा। इधर महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय पाटन से संबद्ध प्रदेश के 15 सरकारी और 4 प्राइवेट कॉलेजों में पिछली बार एडमिशन दिए गए थे। इस साल दो सरकारी कॉलेज सिलफिली अंबिकापुर और रायगढ़ में खोले गए हैं। इनमें इसी सत्र से एडमिशन होगा। इस तरह से कॉलेजों की संख्या 19 से बढ़कर 21 हो गई है। वहीं दूसरी ओर बीएससी एग्रीकल्चर के इस बार करीब हजार सीटों में प्रवेश दिया जाएगा। पहले चरण की काउंसिलिंग के लिए शेड्यूल जारी किया गया है। इसके अनुसार 5 जुलाई से 13 जुलाई तक रजिस्ट्रेशन होगा।

### 32 एग्रीकल्चर कॉलेजों में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू

इंदिरा गांधी कृषि विवि से संबद्ध प्रदेश में करीब 32 एग्रीकल्बर कॉलेज हैं। इनमें 25 सरकारी और 7 प्राइवेट हैं। यहां बीएससी की करीब 2 हजार सीटें हैं। इनमें प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इस बार प्रवेश के लिए जो शेड्यूल जारी किया गया है, उसमें एक ही काउंसिलिंग का उल्लेख है। इस काउंसिलिंग के लिए 2 जुलाई से पंजीयन शुरू हो चुका है। 15 जुलाई को सीट आवंटित की जाएगी। 16 से 18 तक दस्तावेज परीक्षण होगा। इसके लिए छात्रों को कृषि महाविद्यालय रायपुर जाना होगा। आवंटित प्रोविजनल सीट को सुरक्षित रखने के लाएं 16 से 19 जुलाई तक फीस जमा करना होगा। पहले चरण की काउंसिलिंग की प्रक्रिया 25 जुलाई तक चलेगी। इसके बाद दूसरी काउंसिलिंग होने की संभावना कम है। जानकारों का कहना है कि सीटें खाली रहने पर बारहवी पास उन छात्रओं को भी प्रवेश का अवसर दिया जा सकता है, जो प्री एग्रीकल्चर टेस्ट में शामिल नहीं हुए थे।

# एयरफोर्स के जवान का तिरंगे में लिपटा शव पहुंचा दुर्ग, उमड़ा जनसैलाब



**दुर्ग।** तीन रोज पहले नैनीताल के भीमताल में डूबने से दुर्ग कैलाश नगर के प्रिंसराज यादव की मौत हो गई थी। शनिवार की शाम तिरंगा में लिपटा उसका पार्थिव शरीर दुर्ग पहुंचा। इस दौरान बड़ी संख्या में शहरवासी उनके अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे। पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल सहित अन्य ने भी परिजनों से मुलाकात कर दुख व्यक्त किया। बता दें कि दो साल पहले ही उसकी पठानकोट पंजाब में एयर फोर्स में नौकरी लगी थी। गुरुवार को परिताल से लगभग 2 किमी पहले मुसाताल में नहाते वक्त एयरफोर्स के दो जवान डूब गए। डूबने वाले दोनों युवक एयरफोर्स में कार्यरत थे। एयरफोर्स में तैनात चार दोस्त नैनीताल घूमने आये थे। प्रिंस कुमार (22 वर्ष) और उसके दोस्त साहिल कुमार (23) की डूबने से मौत हो गई थी। वे दो अन्य दोस्तों नयाल सौरभ सिंह (25) और बृजेन्द्र (25) के साथ पिकनिक मनाने पहुंचे थे।

# टाउनशिप का श्रमिक चौक भी संवर रहा...



भिलाई। इस्पात नगरी भिलाई की टाउनशिप की सड़कों और चौक-चौराहों का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। सेक्टर-2 के श्रमिक चौक का भी मेंटेनेंस कराया गया। चौक को संवारा गया। बीएसपी अधिकारी पवन कुमार, उत्पल दत्ता, संदीप माथुर होने वाले कामों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि डायरेक्टर्स बंगले के समीप तालपुरी चौक, रुआबांधा के समीप पंथी चौक, बीआरपी के मार्ग पर तिराहे, बोरिया गेट के आगे, 30 एमएलडी ट्रीटमेंट प्लांट चौक, नेहरू नगर के समक्ष सेक्टर-8 के चौक का निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही सेक्टर-8, सेक्टर-9 हॉस्टिल के समक्ष पं रविशंकर शुक्ल चौक, 25 मिलियन टन चौक सेक्टर-4, सेक्टर-10 रेल चौक का कार्य पूर्व में किया जा चुका है। सूर्य नमस्कार चौक का भी निर्माण कराया गया है।

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का निर्णय, अधिकारियों की जिम्मेदारी तय

# रेलवे अंडरब्रिज में भरने वाले पानी की समस्या से मिलेगी मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

शहर के रेलवे अंजर ब्रिजों में बारिश के समय पानी जमा हो जाता है। आने जाने वालों को इससे काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसे लेकर रेलवे ने नया इंतजाम किया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल ने मानसून के आते ही अंडर ब्रिजों में आने वाली दिक्कतों को लेकर गंभीरता दिखाई है। अंडर ब्रिज में जमा मिट्टी, कचरा, जल निकासी नालियों की गहन सफाई की गई है। जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए उच्च क्षमता के मोटर पंप का उपयोग रेलवे कर रही है। रायपुर रेल मंडल में करीब 52 रोड अंडर ब्रिज है। जिसमें से 9 रोड अंडर ब्रिज राज्य शासन द्वारा रखरखाव किए जाते हैं। 43 रोड अंडर ब्रिज पर रायपुर रेल मंडल ने ब्रिज की आवश्यकता अनुसार 5 हॉर्स पावर से लेकर 20 हॉर्स पावर के प्रत्येक रोड अंडर ब्रिज पर 2 पंप लगाए हैं। भिलाई दुर्ग में चंद्रा -मौर्या टाकिज, सुपेला प्रियदर्शनी परिसर, नेहरु नगर, सिरसा गेट आदि जगह पर बारिश में जल भराव की स्थिति निर्मित होती है। ब्रिज निर्माण करते समय ग्रेविटी फ्लो आफ वॉटर का ध्यान रखा जाता है। जिससे पानी अंडर ब्रिज में नहीं ठहरता फिर भी तेज बारिश के समय पानी भराव होने पर पंप की सहायता से उसे निकाला जाता है। जिससे रहागीरों को आवागमन में व्यवधान न हो एवं सुगम आवागमन संभव हो। सिरसा, सुपेला, भिलाई पावर हाउस, नेहरू नगर, रायपुर नाका, दुर्ग-दल्लीराजहरा क्षेत्र के रोड अंडर ब्रिज अन्य रोड में भी इसका उपयोग किया जा रहा है।

■ पानी निकालने उच्च क्षमता पंप का होगा उपयोग

### ड्रेन प्रणाली से किया निरीक्षण

रेलवे ट्रैक पर स्थित ब्रिजों पर पानी के लेवल की पेट्रोलिंग करने के लिए, ट्रैक पैरामीटर को दर्ज करने के लिए इंजीनियर को निर्देशित किया गया है। मानसून में निर्बाध रेल सेवा सुनश्चिति करने के लिए सभी सेक्शनों के जलभराव वाले स्थानों, बोल्डर स्खलन होने वाले पहाड़ों, साइड ड्रेन, पुलों में पानी निकासी के रास्तों, पहाड़ों से आने वाली पानी के ड्रेन प्रणाली आदि का निरीक्षण किया गया। इसके अलावा जलभराव वाले स्थानों पर पानी की निकासी के लिए पाइप लगाए गए हैं। सभी संवेदनशील स्थानों पर चौबीसों घंटे मोबाइल, स्थिर गश्ती दल तैनात किए गए हैं। ट्रैक सर्किट वाले क्षेत्रों में स्टेशन, यार्ड में क्रॉस नालियों की व्यवस्था की गई है।



### इन इंजीनियरों से कर सकते है संपर्क

रेलवे ने समस्या के निराकरण के लिए इंजीनियरों के नंबर भी जारी किए हैं। किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर इंजीनियर अंजनी कुमार 8085614439, महेन्द्र 6263499105, हरमेश 9301505105, तुलसी 7089199694, राकेश 8103799271, संतोष 7974513020, चंदूलाल 9302331282, हरिकेश घृतलहरे 9399017611, छोटूराम 8719024691, सुभाष वर्मा 9630846603, गुलशन निषाद 9753558691, महेश यादव 9691546069, प्रदीप निषाद 9301926527, वेदप्रकाश 9826313770, गंगाधर 9669703300 के नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

# गैंगस्टर नेपाली पर रासुका की तैयारी परिवार-रिश्तेदारों की संपत्ति होगी कुर्की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

जिले में अपराध कर लंबे समय से फरार होने वाले गैंगस्टर दीपक नेपाली पर पुलिस रासुका (राष्ट्रीय सुरक्षा कानून) की तैयारी में जुट गई है। पुलिस की सारी प्रक्रिया लगभग पूरी कर चूकी है।

जल्द इसके खिलाफ बड़ी कार्रवाई होने वाली है। मिली जानकारी के मुताबिक संगाम चौक कैम्प 1 सड़क 18 निवासी दीपक कुमार सिंह उर्फ दीपक नेपाली को पकड़ने के लिए पुलिस ने तकनीकी टीम और एसीसीयू की अलग टीम बनाई गई। इससे जुड़े अपराधियों की भी कुंडली पुलिस खंगाल रही है। साथ ही साथ गैंगस्टर दीपक नेपाली अपनी दबंगई दिखाते हुए हर किसी के साथ मारपीट, धमकी और रंगदारी का अपराध जिले के विभिन्न थानों में दर्ज है। पुलिस दीपक नेपाली को पकड़ने के लिए जगह-जगह पोस्टर लगातार सूचना देने वालों को 3 हजार का इनाम की राशि भी घोषित किया है। पुलिस इसके खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून की धारा की कार्रवाई दोबारा करने वाली है। दीपक नेपाली का नाम महादेव सट्टे में संलिप्ता पाए जाने पर कार्रवाई किया जा चुका है। वैशाली नगर पांडे मुहल्ला 18 नंबर रोड कैंप निवासी प्रदीप चौबे की पत्नी स्नेहा चौबे ने 21 मई की रात वैशाली नगर थाने में दीपक नेपाली, शुभम यादव उसके चाचा राम प्यारे यादव, राजा के खिलाफ जानलेवा हमला करने का मामला दर्ज कराया था। इस मामले में पुलिस ने तीन को गिरफ्तार कर जेल भेजा। इस पूरे घटनाक्रम का साजिशकर्ता गैंगस्टर दीपक नेपाली अब भी फरार है।

**मौसम :** बीते कई घंटों से हो रही लगातार की बारिश से जनजीवन हो रहा प्रभावित

# कवर्धा सहित अचंल में झमाझम बारिश, कृषि कार्यों में आएगी तेजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

बीते कई दिनो से आसमान की ओर टकटकी लगाए अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे कवर्धा सहित अंचल के किसानो की मानो भगवान इन्द्रदेव ने सुन ली है और अब कवर्धा सहित समूचे अचंल में लगातार हल्की तेज बारिश को रही है। जिसे देख किसानो ने राहत की सांस ली है। माना जा रहा है कि इस बारिश के बाद खेती किसानी के कार्यो में तेजी आएगी और धान थरहा लगाने की प्रतिक्षा कर रहे किसान अपने कार्यो में जुट जाएंगे। गौरतलब है कि कवर्धा क्षेत्र सहित अंचल के कई ईलाकों में जून माह के अंतिम दिनो से ही बारिश का सिलसिला शुरू हो गया था लेकिन कवर्धा सहित अन्य ईलाकों में खेती किसानी के अनुरूप बारिश का आभाव देखा जा रहा था। पूर्व में हुई बारिश को देख किसानो ने धान का थरहा तथा धान की बोआई तो कर दी थी लेकिन बारिश के आभाव में फसल खराब होने की चिंता उनके माथों में साफ दिखाई दे रही थी और वे लगातार आसामान में टकटकी लगाए देख रहे थे। किसानो के इस इंतजार के बीच बीते शनिवार से कवर्धा सहित समूचे अंचल में लगातार हल्की तेज बारिश देखने को मिल रही है। कवर्धा की बात ही जाए तो यहां रविवार की सुबह से लेकर देरशाम तब बारिश होते रही। हालांकि लगातार हो रही इस बारिश से किसानो में खुशी देखी जा रही है वहीं जनजीवन भी प्रभावित दिखाई दे रहा है। बारिश के चलते रविवार को कवर्धा नगर में लगने वाला साप्ताहिक बाजार प्रभावित रहा। इसके अलावा जिले के ग्रामीण अंचलों में पक्की नाली व सीसी रोड़ के आभाव में लोगों के लिए आवागमन में परेशानियां बढ़ गई है। कुल मिलाकर देखा जाए अंचल में लगातार हो रही बारिश जहां खेती किसानी के लिहाज से राहत दे रही है वहीं आम जनजीवन को भी प्रभावित कर रही है।





## अंचल के बेजान नदी नालों में आई जान

यहां बताना लाजिमी होगा कि इस बार पड़ी भीषण गर्मी में अंचल के जो नदी नाले सूख कर बेजान हो चुके थे उनमें अब लगातार हो रही बारिश के चलते जान आ गई है। कवर्धा शहर से गुजरने वाली सकरी नदी, पंडरिया क्षेत्र से बहने वाली हाफ नदी सहित अंचल के दूसरी नदी नालों की बात की जाए तो अब यह बारिश के पानी से लबालब हो गए है। हालांकि अभी तक जिले के किसी भी ईलाकों से बाढ़ की जानकारी नहीं मिली है।

# 36 पौवा देशी शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार



- बेमेतरा जिले की शराब कवर्धा में बेंच रहा था आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अवैध शराब के मामले में आबकारी विभाग ने कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। विभाग ने आरोपी के पास से 36 पाव देशी मदिरा प्लेन शराब जप्त की है। जिसका बाजार मूल्य 2880 रुपए आंका गया है। आरोपी के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की यथा संशोधित धारा 34(1)क, 34(2), 59(क) के तहत कार्यवाही की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आबकारी वृत्त कवर्धा में ग्राम लोचन में अवैध शराब विक्रय की शिकायत विभाग को प्राप्त हुई थी। ग्राम लोचन में गश्त के दौरान अवैध शराब विक्रय एवं धारण की आकस्मिक मुखबिर सूचना पर केशव पाल पिता जंगलपाल को सड़क किनारे हाथ ठेला चखना सेंटर में संचालित संदिग्ध गतिविधियों को देख विधिवत तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी में कुल 36 नग पाव देशी मदिरा बरामद हुआ। होलो ग्राम की जांच करने पर अन्य जिले बेमेतरा के मदिरा दुकान से विक्रय की गई ड्यूटी पेड मदिरा होना पाया गया। मदिरा को मौके पर विधिवत जप्त किया गया एवं आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की यथा संशोधित धारा 34(1)क, 34(2), 59(क) के तहत प्रकरण कायम कर जेल दाखिल कर न्यायिक रिमांड में लिया गया। आबकारी वृत्त कवर्धा प्रभारी गीता साहू के नेतृत्व में उक्त कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही के दौरान वृत्त बोड़ला प्रभारी अभिनव कुमार रायजादा, आबकारी आरक्षक कमल मेश्राम, इम्तियाज खान वाहन चालक डायमंड साहू का विशेष योगदान रहा।

## खबर संक्षेप



### शिक्षक दम्पत्ति संचालित कर रहे पुस्तक बैंक

**कुण्डा।** शिक्षा जब दया और संवेदना से जुड़ जाए, तो वह मात्र ज्ञान का माध्यम न रहकर समाज परिवर्तन का स्त्रोत बन जाती है। ऐसी ही एक प्रेरणादायक पहल ग्राम महली के राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षक दंपति तुलस चंद्राकर एवं श्रीमती यक्ष चंद्राकर द्वारा स्वर्गीय रामनाथ चंद्राकर की पुण्य स्मृति में की गई है। उन्होंने शिक्षा को सुलभ और समावेशी बनाने के उद्देश्य से एक निःशुल्क पाठ्यपुस्तक बैंक की स्थापना की है, जो बीते पांच वर्षों से आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए आशा की किरण बन चुका है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिक्षक परिवार ने अपने संकल्प को निभाते हुए कक्षा 11 वीं–12 वीं के जरूरतमंद विद्यार्थियों को मां श्रीमती शांति बाई के करकमलों से पाठ्य पुस्तकें प्रदान कीं।

## पेज 9 के शेष

### मवेशी को बचते ...

अस्पताल में उपचार किया जा रहा है एवं खतरे से बाहर है। जबकि दूसरे वाहन में दो लोग मौजूद थे, जो सुरक्षित बच गए। इस हादसे पर देवकर पुलिस चौकी प्रभारी एएसआई उदल टाण्डेकर ने बताया कि यह दुर्घटना मवेशी के बीच मे आ जाने से हुई है, फिलहाल इसमे कोई जनहानि नही हुई है एवं जांच व पूछताछ की जा रही है।

### कैलाशानंद महाराज ....


योगेश तिवारी ने संगठन द्वारा छत्तीसगढ़ के विभिन्न अंचलों में चलाए जा रहे धार्मिक जागरण अभियानों की जानकारी दी। यह भेंट न केवल व्यक्तिगत सौहार्द का प्रतीक बनी, बल्कि संपूर्ण बेमेतरा जिले के लिए एक प्रेरणास्पद समाचार बन गई है। धार्मिक और सामाजिक स्तर पर इस मुलाकात के दूरगामी प्रभाव देखने को मिल सकते हैं।

### मनियारी में हुआ ...

देखने को नहीं आये है। इससे ग्रामीणों में कई प्रकार के कथित सवाल उत्पन्न हो रहे है। ग्रामीणों का कहना है कि 19.73 लाख रुपये कही भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गए या फिर कही मिलीभगत के चक्कर में दफ्तरों में मेजबानी में अटके हुए है। पूर्व पंचायत मंत्री रविन्द्र चौबे के द्वारा भूमिपूजन करना व्यर्थ साबित होना विभागीय अधिकारियों द्वारा अवहेलना करने से मजाक साबित हो रहे है।

### मिनी स्टेडियम पर ...

खड़ा है यदि इसका निर्माण पूरा नहीं होता तो पूर्व सरपंचों व सचिवों से लाखों रुपए की वसूली होगी जिसकी एक चिट्ठी जारी की जा चुकी है।



# खाद संकट को लेकर कांग्रेस का धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

विधायक हर्षिता स्वामी बघेल की उपस्थिति में ग्रामीण एवं शहर ब्लॉक कांग्रेस ने खाद संकट को लेकर अछोली समिति के सामने धरना दिया। प्रदर्शन के प्रारंभ में छत्तीसगढ़ महतारी और महात्मा गांधी की पूजा अर्चना की गई। इस दौरान विरोध स्वरूप मंच पर डीएपी खाद रख कर पूजा करते हुए हार चढ़ाया गया।

प्रदर्शन में शामिल विधायक श्रीमती बघेल ने कहा जब कांग्रेस सरकार थी तब किसानों को उपज की अच्छी कीमत दिया गया। किसानों को 5 सालों तक कभी भी खाद की किल्लत से जूझना नहीं पड़ा। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान ने कहा कि सोसाइटी में खाद नहीं आने के संबंध में पूछने पर अधिकारी यूक्रेन युद्ध का हवाला देते हैं जबकि निजी दुकान में खाद मिल रही है। पूर्व मंत्री धनेश पाटिला ने कहा पूर्व प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गांधी ने किसानों को आगे बढ़ाने के लिए कृषि नीति बनाया जबकि भाजपा सरकार उत्पादन को रोक रही है इसलिए किसानों को डीएपी और अन्य खाद उपलब्ध नहीं करा रही है।

### भाजपा राज में किसान बेहाल

प्रभारी महेंद्र यादव ने कहा कि सुशासन का ढोल पीटने वाली भाजपा सरकार के राज में किसान डीएपी खाद के लिए भटक रहे हैं। इस मौके पर ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, प्रदेश युवा कांग्रेस महासचिव नरेंद्र वर्मा, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष महेश सेन, चुम्मन साहू, शिशुपाल भारती, पल्टू लहरे, पंचराम चंदेल, गोकरण कोसले, दिनेतु प्रकाश जांगड़े आदि ने संबोधित किया।

### राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

अंत में राज्यपाल के नाम ज्ञापन तहसीलदार को दिया गया। इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय राज चौहान, फिरंगी पटेल, फत्तू वर्मा, पंचराम चंदेल, रमन साहू, टुमेश नेताम, श्यामसाय टांडेकर, गजेंद्र कुमार, संजीव गुप्ता, ढुलीचंद बडोले, ओम प्रकाश महानदी, राजेंद्र वर्मा, प्रशांत कांडे, सुरेंद्र अंबादे, तरुण फुले, सुरेश मेश्राम, दिनेश साखरे, मनोज सहारे, इंद्रजीत साहू, राजकुमार, निशा निर्मलकर, रितु निर्मलकर, किशोर अंबादे, मुकेश साहरे, राजू राजपूत आदि उपस्थित थे।

# सीएम के प्रस्तावित कार्यक्रम के पूर्व पंडरिया क्षेत्र के कई कांग्रेसी हिरासत में रखे गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के विधानसभा पंडरिया में रविवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा व अन्य भाजपा नेताओं का आगमन तथा क्षेत्र की महाविद्यालयीन छात्राओं के लिए भावना सेवा संस्थान द्वारा प्रारंभ की जा रही पांच निःशुल्क बस सेवा का शुभारंभ तथा विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यो का लोकार्पण व भूमिपूजन प्रस्तावित था। इस प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर प्रशासन द्वारा भव्य तैयारियां तथा तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। हालांकि मौसमी व्यवधान के चलते कार्यक्रम के मुख्य अथिति मुख्य मंत्री विष्णदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह तथा उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा नहीं पहुंच पाए और उन्हें सभी प्रस्तावित कार्यक्रमों में वर्चुवल शामिल होना पड़ा। लेकिन बताया जाता है इस प्रस्तावित कार्यक्रम के शुभारंभ के पूर्व तथा सीएम के आगमन के पहले ही पुलिस प्रशासन ने युवा कांग्रेस के कई नेताओं व कार्यकर्ताओं को उनके घरों से हिरासत में ले लिया। जिसमें मुख्य रूप से युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष चन्द्रभान कोसले, किसान नेता रवि चन्द्रवंशी सहित युवा कांग्रेस के अन्य कार्यकर्ताओं व पदाधिकारी शामिल है। बताया जाता है कि पुलिस प्रशासन को युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष चन्द्रभान कोसले के नेतृत्व में पंडरिया क्षेत्र के गांव, गरीब तथा किसानो की विभिन्न समस्याओं व मांगों को लेकर सीएम को काला झंडा दिखाए जाने की सूचना मिली थी यहीं वजह है कि पुलिस ने इन्हें कार्यक्रम के पहले ही रविवार की सुबह हिरासत में ले लिया। हालांकि जब पुलिस प्रशासन को इस बात की जानकारी मिली की सीएम विष्णुदेव साय पंडरिया दौरा रद्द हो गया है तो सभी को छोड़ दिया गया। इस कार्यवाही पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए किसान कांग्रेस नेता रवि चंद्रवंशी ने बताया कि मुख्यमंत्री के आगमन से पहले राजनीतिक दबाव में पुलिस द्वारा तानाशाही रवैया अपनाते हुए एक अपराधी की तरह उन्हें सुबह 7 बजे ही घर से गिरफ्तार कर लिया जो एक राजनीतिक और प्रशासनिक सोची समझी साजिश थी, प्रशासन नही चाहता था कि उनकी कमियां, किसानों की बात मुख्यमंत्री तक पहुंचे इसलिए कांग्रेसी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को उनके घर से गिरफ्तार किया और पंडरिया नगर से गिरफ्तार कर पांडातराई थाना में रखा गया। रवि चंद्रवंशी ने कहा कि शासन-प्रशासन की यह कार्यवाही हमें डरा नहीं सकती हम आगे भी गांव, गरीब व किसानो के हक की आवाज बुलंद करते रहेंगे।



# कवर्धा सहित अंचल में मलेरिया से निपटने महज खाना पूर्ति...

**कवर्धा।** बारिश का मौसम है और जिले के नगरीय क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण व वनांचल ईलाकों में मलेरिया, डेंगू जैसी बीमारियों के जनक मच्छारों का प्रकोप बढ़ते ही जा रहा है। इस पर चिंता जाहिर करते हुए जिला प्रशासन के मुखिया संबंधित विभागीय तथा प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक लेकर वनांचल क्षेत्र जहां मलेरिया होने की ज्यादा संभावना रहती है, वहां स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले को सजग रहने तथा कारगर उपाय करने के निर्देश दिए जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग विशेष जोर मलेरिया की जांच पर दे रहा है। लेकिन मलेरिया की रोकथाम की दिशा में कोई कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। मलेरिया की जांच और ईलाज के विपरीत इसकी रोकथाम की बात की जाए तो जिला मुख्यालय कवर्धा तक में मच्छरों से निपटने के कोई खास इंतजाम नहीं है। यहां न तो डीडीटी छिड़काव किया जा रहा है और ही बारिश के पानी से भरे गड्ढे को पटाने की भी कार्यवाही की गई है। यही हाल जिले के दूसरे नगरीय निकायों का है। रही बात जिले के ग्रामीण एवं वनांचलों की तो यहां का हाल और भी बेकार है। मच्छारों की रोकथाम के लिए संबंधित ग्राम पंचायतों द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। नतीजतन गांवों में जहां तहां गड्ढों में भरा बारिश के पानी, जहां तहां लगे कूड़ा करकट के ढेर, गंदगी व कचरा से अटी पड़ी नालियों में खतरनाक मच्छर के लारवा फल–फूल रहे हैं। अब जिले की इस खस्ताहाल व्यवस्था के बीच मच्छारों तथा मलेरिया में रोक कैसे लगेगी यह समझ से परे है।



# रानी रश्मि देवी कॉलेज में मना राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस

**खैरागढ़।** रानी रश्मि देवी सिंह शासकीय कालेज में प्राचार्य डॉक्टर ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस मनाया गया। अर्थशास्त्र विभाग अध्यक्ष सतीश माहला और वाणिज्य विभाग विभागाध्यक्ष मोनिका जत्ती मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद थे। मोनिका जत्ती ने सांख्यिकी की उपयोगिता, तकनीक और सांख्यिकी के जनक की विस्तृत जानकारी विद्यार्थियों से साझा करते हुए सांख्यिकी दिवस मनाने का उद्देश्य बताया। साथ ही विद्यार्थियों को सांख्यिकी के उपयोग व उसको एक कैरियर के रूप में चुनने के लिए प्रेरित किया। अर्थशास्त्र विभाग अध्यक्ष सतीश माहला ने सांख्यिकी के वास्तविक जीवन में उपयोग, सांख्यिकी के विभिन्न प्रक्रियाओं, डेटा विश्लेषण और अनुसंधान, कॉर्पोरेट में सांख्यिकी के महत्व को उजागर किया। इस दौरान कालेज स्टाफ सहित बड़ी संख्या मे स्टुडेंट्स मौजूद थे।

**पूरे नौ दिनों तक मौसी के घर भगवान जगन्नाथ की श्रद्धा भक्ति से की पूजा अर्चना व सेवा**

# अपनी मौसी के घर से वापस अपने धाम पहुंचे भगवान जगन्नाथ



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अनाथो के नाथ महाप्रभु भगवान जगन्नाथ, बड़े भैया बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ रथयात्रा के पश्चात अपने मौसी के घर देव व्रिह विश्राम कर देवशयनी एकादशी रविवार के दिन अपने धाम वापस लौट गए।

धर्मनगरी कवर्धा में इस वर्ष भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा पश्चात देवांगन पारा निवासी विश्वनाथ गुप्ता के घर पूरे 9 दिनो तक भगवान जगन्नाथ, बड़े भैया बलभद्र और बहन सुभद्र के साथ विश्राम किया। इस दौरान जहां प्रतिदिन पूजा अर्चना, आरती, भजन, कीर्तन किया जाता है तथा भोग में भगवान जगन्नाथ को दाल-भात एवं परवल की सब्जी परोसी गई। वहीं पूरे नौ दिनों तक चले इस अनुष्ठान के बाद देवशयनी एकादशी के रोज भगवान जगन्नाथ, बड़े भैया बलभद्र तथा बहन सुभद्रा को वापस अपने धाम लौट गए। धर्म नगरी कवर्धा में इस धार्मिक परंपरा का निर्वहन वर्षों से किया जा रहा है।

रथ दुतिया पर भगवान जगन्नाथ, बड़े भैया बलभद्र तथा बहन सुभद्रा को उनकी मौसी के घर लगाया गया था और देवशयनी एकादशी को उन्हे पूरी श्रद्धाभक्ति के साथ अपने धाम भेजा गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

## चार महीने के लिए शुभ और मांगलिक कार्य वर्जित

मान्यताओं के अनुसार देवशहनी एकादशी के साथ ही चार महीने के लिए शुभ और मांगलिक कार्य वर्जित रहेंगे। देवशयनी एकादशी से भगवान विष्णु चारमास के लिए शयन करते हैं। इसी दिन से चातुर्मास्य व्रत भी शुरू हो जाता है, जो प्रबोधिनी एकादशी एक नवंबर तक चलता है। इस अवधि में वैदिक मान्यताओं के अनुसार शुभ और मांगलिक कार्य वर्जित माने जाते हैं। देवशयनी एकादशी के अवसर पर नगर के विभिन्न मंदिरों व घरों में भगवान की विशेष पूजा अर्चना की गई।



## खबर संक्षेप

### कुआं बचाने सामने आए नागरिक

**डोंगरगांव।** कुंआ बचाओ अभियान के तहत तीसरा आयोजन वार्ड 14 मटिया में किया गया। इस मौके पर वार्ड के नागरिकों को कुंआ और जल की महत्ता बताते हुए कुओं को सहेजने प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में पार्षद पुरूषोत्तम साहू, इंदू साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, पर्यावरण प्रेमी भोज साहू, धनेश्वरी साहू, चेतनबाई साहू, ऊषा साहू, दानबाई साहू, सीमा साहू, पार्वती साहू, परसराम विश्वकर्मा, सुरेश साहू, ओंकार साहू, टोमन साहू, परस साहू, राकेश देवांगन, पुसऊ पटेल आदि शामिल हुए।

### बेगलेस डे पर विभिन्न कार्यक्रम

**मुरमुंदा।** शनिवार को प्राथमिक शाला भरूहाटोला में प्रधान पाठक धनुषराम कंवर, शिक्षक संजीव चन्द्रवंशी की अगुवाई मे बेगलेस डे पर व्यायाम, योगाभ्यास एवं विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। बच्चों ने ड्राइंग वर्क, चित्रों पर कहानी बनाना एवं सांस्कृतिक गतिविधि में सहभागिता देकर अपने हुनर का प्रदर्शन किया।

### सेवा सहकारी समिति चारभाटा में पौधारोपण

**डोंगरगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर जिला भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष गिरवर साहू ने चारभाटा धान खरीदी केंद्र में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत नीम का रोपण किया। जनपद सदस्य अशोक नेताम, सरपंच अनिता अहिरवार, हनुमान दास साहू, सरपंच भागीरथी तारम, उत्तम सिन्हा, पुरषोत्तम साहू, रोहित साहू,फागुदास साहू, शारदा साहू, जोहन यादव, देनेश्वर पुराम सहित ग्रामीणों ने पचास पौधे लगाए।

### धान की रोपाई में तेजी

**सड़क अतरिया।** आषाढ़ माह के अंतिम पड़ाव में भी अपेक्षित बारिश नहीं हो सकी है। खेत, नदी, नाला, तालाब में जल भराव नहीं हुआ है पर धान रोपाई में तेजी आ गई है। किसानों ने बताया कि रोपा पद्धति में धान के पौधों को 20 से 25 दिन के अंदर रोपना पड़ता है। खेतों में जल भराव नहीं होने के कारण साधन वाले किसान धान की रोपाई कर रहे हैं। अन्य किसानो को दूसरों से पानी लेकर रोपाई करना पड़ रहा हैं। किसानों ने बताया खेतों में जल भरने से जल्दी सूख जा रहा है पर पौधो का रोपण करना जरूरी है। ऐसे पानी खरीद कर फसल लगाना मजबूरी हो गई है। वही डीएपी, यूरिया खाद की किल्लत अब भी बनी हुई है। किसान खाद के लिए सोसायटी के चक्कर काट रहे हैं।

### बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान

**पटेवा।** ग्राम सहित क्षेत्र में इन दिनों अघोषित बिजली कटौती एवं लो-वोल्टेज की समस्या से ग्रामीण परेशान हैं। इन दिनों बिजली का बार बार गुल होना आम बात हो गई है। लो वोल्टेज के कारण पंखा कूलर भी नहीं चल पा रहे है। मच्छरों से परेशान होकर लोगों को रतजगा करना पड़ रहा है। ग्राम में सब स्टेशन बनने से जनता को उम्मीद थी कि अब बिजली की समस्या से निजात मिलेगी किन्तु सबस्टेशन बनने के बाद से बिजली का गुल होना, घंटों बंद रहना आम बात हो गई है। बिजली कटौती के कारण इलेक्ट्रॉनिक दुकानदारो का धंधा चौपट हो गया है।

### श्रद्धा से मनाया जाएगा गुरू पूर्णिमा

**पटेवा।** पटेवा में 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन मां शीतला मंदिर प्रांगण में रखा गया है। सुबह 11 बजे से पं दिग्विजय महाराज एवं राजेन्द्र लोचन तिवारी का प्रवचन होगा। दोपहर 2 बजे से गुरूजनों का सम्मान एवं 4 बजे से मोर मयारु मानस परिवार गुदगुदा का रामायण कार्यक्रम रखा गया है।

### दुकानदारों को दिया डस्टबिन

**तुमड़ीबोड़।** ग्राम को स्वच्छ बनाने के लिए ग्राम पंचायत एवं व्यापारी संघ ने छोटे- बड़े दुकानदारों को डस्टबिन प्रदान किया। दुकानों में स्वच्छता से संबंधित पोस्टर भी लगाया गया। दुकानदारों से दुकान का कचरा इधर उधर न फेंककर डस्टबिन में डालने प्रेरित किया गया। व्यापारी संघ और टाइगर क्लब के अध्यक्ष अजय जैन ने बताया कि छूटे हुए दुकानदारों को आगामी कार्यक्रम में डस्टबिन दिया जाएगा।

# गौ माता के चरणों में ही मानवता का कल्याण है निहित : भरत भाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया

नगर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दौरान राजस्थान से पधारे परम पूज्य आचार्य भरत भाई श्री महाराज ने अपने ओजस्वी प्रवचन में गौ माता की महिमा का दिव्य वर्णन किया। उन्होंने श्रद्धालुजनों को संबोधित करते हुए कहा कि गौ सेवा और गौ पूजन से न केवल पापों से मुक्ति मिलती है, बल्कि जीवन में संकट, रोग और दुर्भाग्य भी समाप्त होते हैं।

महाराज श्री ने कहा कि गौ माता को शास्त्रों में अत्यंत पवित्र और माता तुल्य स्थान दिया गया है। "जो मनुष्य प्रतिदिन स्नान कर गौ का स्पर्श करता है, वह सब प्रकार के पापों से मुक्त हो जाता है। गौ के खुर से उड़ी धूल को जो सिर पर धारण करता है, वह तीर्थस्नान के समान पुण्य प्राप्त करता है," उन्होंने श्रद्धालुओं को



बताया। गौ माता के महत्व को बताते हुए उन्होंने कहा कि गौ केवल धार्मिक प्रतीक ही नहीं, बल्कि संपूर्ण मानव समाज के लिए पोषण और स्वास्थ्य की संवाहिका है। उन्होंने कहा कि पूर्वकाल में जब लोग गोबर की खाद से खेती करते थे, तो बीमारियाँ बहुत कम थीं। आज रासायनिक खादों के अत्यधिक उपयोग ने मनुष्य को रोगों का घर बना दिया है।

पूज्य भरत भाई श्री ने गौशालाओं की दयनिय स्थिति और घुमंतू एवं सड़क किनारे बैठी गायों की दुर्दशा पर चिंता व्यक्त करते हुए छत्तीसगढ़ शासन, मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, शंकराचार्य स्वामी मुक्तेश्वरानंद जी एवं गो सेवा आयोग के संरक्षक श्री राम बालक महात्यागी को इस संबंध में अवगत कराया है। उन्होंने स्थायी समाधान और बेहतर व्यवस्था की आवश्यकता पर बल दिया।

## राहत : टैंकर मिलने से गांवों की पेयजल समस्या होगी दूर

# साजा विधायक ने जल संकट से राहत के लिए बीस ग्रामों को वितरित किए पेयजल टैंकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीणों की मूलभूत आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए साजा विधायक ईश्वर साहू द्वारा खनिज न्यास मद से शुद्ध पेयजल आपूर्ति हेतु 20 ग्राम पंचायतों को पानी टैंकर का विधिवत पूजन-अर्चन कर वितरण किया गया।

इस अवसर पर विधायक साहू ने ग्राम पंचायतवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा हमारी प्राथमिकता गांव-गांव तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना है। अब इन टैंकरों से ग्रामीणजनों को पानी की किल्लत से राहत मिलेगी। शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुचें, यही हमारा संकल्प है। इन जल टैंकरों से अब जल संकटग्रस्त गांवों में नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। विधायक ने कहा कि गर्मी के मौसम में अनेक ग्रामों में पेयजल की समस्या गंभीर हो जाती है, ऐसे में यह पहल ग्रामवासियों के लिए उपयोगी सिद्ध



होगी। जिन ग्राम पंचायतों को पेयजल टैंकर वितरित किए गए हैं, उनके नाम इस प्रकार हैं बेलगांव, रानी, हरदास, निरपुर, घोंटवानी, मुसवाडीह, कोड़ियाकला, बरगा, बोड, मोहतरा, नवागांव, गहिरा, रामपुरा, मांशुलगोंदी, पातर, झोरी, कंचरी, परसबोड़, राखी, बुधवारा, तिरिया भाट, चेचनमेटा एवं रानो ,बेलगांव। इस अवसर पर संबंधित ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य जल संकट से जूझ रहे गांवों को राहत प्रदान कर जीवन स्तर में सुधार लाना है।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष बुलाक साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत नारद वर्मा विधायक प्रतिनिधि नेतराम साहू अध्यक्ष नगर पंचायत हिमांशु वर्मा त्रिलोकी साहू सहित ग्राम के सरपच पंच व ग्रामीण उपस्थित रहे बारिश के बावजूदभारी उत्साह के साथ विधायक ने सभी टैंकरों का पूजा कर सरपंचों को रवाना किया।

### बरगा पंचायत को विधायक ने दी पानी टैंकर की सौगात

**थानखमरिया।** विधायक ईश्वर साहू द्वारा ग्राम पंचायत बरगा को नवीन जल टैंकर प्रदान किया गया। यह टैंकर वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जिला खनिज न्यास मद से स्वीकृत किया गया है। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में विधिवत रूप से इस टैंकर का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर विधायक ईश्वर साहू सहित नगर पंचायत अध्यक्ष हिमांशु साहू व अन्य जनप्रतिनिधि विशेष उपस्थित रहे। ग्रामीणजनों एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने इस



जनहितकारी पहल के लिए विधायक साहू का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। ग्राम पंचायत बरगा की सरपंच नंदकुमारी ठाकुर, उपसरपंच पुन्नी कमलेश साहू, ग्राम पटेल राजकुमार साहू, तथा पंचगण सरोज साहू, मंजु माण्डे, कुमारी बाई, जानकी साहू, मंगतु यादव, श्रवण कुमार, अशोक साहू, भारती वर्मा, रेखा साहू और जोहन पाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे और इस पहल का स्वागत किया। ग्रामीणों ने कहा कि गर्मी के मौसम में पेयजल संकट से जूझते क्षेत्र के लिए यह टैंकर एक महत्वपूर्ण राहत सिद्ध होगा।

### बोर खनन से दूर हुई पेयजल की समस्या, ग्रामीणों व पालकों ने जताया आभार



**साजा।** ग्राम पंचायत केशतरा के आश्रित ग्राम तेदूभाठा स्थित प्राथमिक शाला में लंबे समय से पेयजल की व्यवस्था नहीं थी। बच्चों और शिक्षकों को पानी की कमी के कारण भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। इस गंभीर समस्या को लेकर ग्रामीणों ने लगातार संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधियों से मांग की, लेकिन लंबे समय तक समाधान नहीं हो सका।ग्राम के सरपंच दिलेश्वर साहू ने इस विषय में विधायक से भेंट कर विद्यालय में पेयजल संकट की जानकारी दी थी। इसके बावजूद मामला लंबे समय तक लंबित रहा। हाल ही में ग्रामीणों ने एक बार फिर ज्ञापन सौंपकर शीघ्र बोर खनन की मांग दोहराई।मामले की गंभीरता को देखते हुए मंडल अध्यक्ष बुलाक साहू ने संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर तत्काल समाधान हेतु पहल की। इसके परिणामस्वरूप प्राथमिक शाला तेदूभाठा में बोर खनन का कार्य संपन्न हुआ, जिससे विद्यालय में पेयजल की समस्या समाप्त हो गई है। बोर खनन की जानकारी मिलते ही विद्यालय के छात्र, पालक एवं ग्रामीणों ने विधायक, जनप्रतिनिधियों तथा प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। अब बच्चों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा, जिससे अध्ययन में भी सुधार की उम्मीद है।

## नगर पंचायत मारो किया पौधारोपण



**मारो।** अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस एवं सहकार से समृद्धि में एक पेड़ मां के नाम के तहत सेवा सहकारी समिति मर्यादित मारो ने परिसर में शनिवार पौधारोपण किया गया इस दौरान छायादार व फलदायक पौधे लगाए गए। पौधारोपण कार्यक्रम में प्राधिकृत अध्यक्ष नरेंद्र साहू ,शाखा प्रबंधक पी .के .रामटेके, समिति प्रबंधक आर.पी. साहू एवं समिति कर्मचारी रामानंद यादव ,विनोद कुमार जांगड़े ,मोहन साहू ,प्रीतम साहू,कैलाश राजपूत,अनिल बघेल, वेद कुमार ,रमाकांत,राजकुमार,प्रधानमंत्री बीमा योजना कर्मचारी विजय वर्मा, कृषक कंच कुमार ,रामकुमार,प्रमोद पांडेय,प्रमोद ठाकुर सहित अन्य कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

### बलराम वाटिका में फल और छायादायी पौधों का रोपण

**साजा।** सेवा सहकारी समिति सेवा सहकारी समिति साजा द्वारा डोंगी तराई में बलराम वाटिका में एक पेड़ मां के नाम पर फलदार और छायादार वृक्षों का रोपण किया कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष कमल राठी पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष हरिशंकर टावरी नारद देवांगन सहित समिति के सभी कर्मचारी व प्रबंधक व किसानों ने पौधों का रोपण किया ।

### सहकारिता दिवस पर अध्यक्ष व कर्मचारियों ने किया पौधारोपण



**बेरला।** अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर सेवा सहकारी समिति मर्यादित मोहभट्ठा पंजीयन क्रमांक 671 में एक पेड़ माँ के नाम के तहत अध्यक्ष व कर्मचारी ने पौधारोपण किया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण की भावना को मजबूत करना और जागरूकता फैलाना है। जिसमें समिति के पदाधिकारी, किसान व ग्रामीण बढ़-चढ़कर पौधारोपण किया गया। ग्रामीणों को जागरूक करते कहा की पेड़ लगाने से पर्यावरण, स्वास्थ्य और समाज को कई लाभ होता है। पेड़ लगाने से छाया, फल, और लकड़ी से लोगों की आर्थिक स्थिति में सुधार होती है। पेड़ लगाना एक महत्वपूर्ण कार्य है जो पर्यावरण को दुष्ति होने से बचाव भी करता है। इस अवसर पर मोहभट्ठा समिति प्राधिकृत अध्यक्ष सुनील सिंह राजपूत, सहायक सामिति प्रबन्धक पवन कुमार निषाद, धनराज, पूर्व समिति अध्यक्ष मोतीलाल मार्कण्डेय, बुधराम साहू, अलखराम, विक्रेता विनायक, कम्प्यूटर ऑपरेटर मनीष कुमार सोनी, सूरज साहू, महेंद्र निर्मलकर, सुखदेव साहू कर्मचारी सहित कृषकगण उपस्थित रहे।

## सब्जियों के दाम आसमान में, घर का बजट बिगड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बरसात के सीजन होने से इन दिनों जिलेभर में हरे-भरे व ताजे सब्जियों की किल्लत मार्केट में नज़र आने लगी है। लिहाजा सब्जियों के बाजार में दाम सातवें आसमान पर चढ़ गया है। आलम यह है कि घर-घर मे रसोई का बजट गड़बड़ाने लगा है। जिसका असर खाने की थालियों में भी दिखने लगा है। दरअसल बरसात के दिनों में लगातार बारिश एवं मौसमी परिवर्तन के कारण विभिन्न हरे-भरे सब्जियों का मिलना काफी मुश्किल होता है। जिसमे देखा जाए तो सब्जी उत्पादकों के खेतों में ज़्यादा पानी व मौसम के बदलाव के चलते पौधे के फल-फुल व पत्तियों पर व्यापक असर होता है, जिससे बरसात के दौर में हरेभरे सब्जियों की उतनी अच्छी पैदावार नही हो पाती है। जिसका खामियाजा आम लोगों को महंगे कीमतों पर सब्जियों को खरीदकर चुकाना पड़ता है, जो एक तरह से लोगों के घरेलू बजट को काफी बढ़ा देता है। चूंकि बेमेतरा ज़िला के समस्त सब्जी मण्डियों में ज्यादातर सब्जियों की बड़ी डिमाण्ड होने के बावजूद कमी देखी जा रही है, जिसके कारण आमजनो को बरसात भर ताजे व हरेभरे सब्जी की आपूर्ति प्रभावित होती है। जिससे बाजार में इनदिनों अनेक प्रकार के सब्जियों की किल्लत नज़र आ रही है। फिलहाल मार्केट में हरी सब्जियों के साथ ही टमाटर से लेकर मिर्ची तक के दाम काफी बढ़े हुए नज़र रहा है, जिससे आम नागरिको की चिंता बढ़ी हुई है।

### टंकी बनी पर नलों में नहीं आ रहा पानी

**सड़क अतरिया।** ग्राम पंचायत जीराटोला के आश्रित ग्राम बगदूर में जल जीवन मिशन के तहत लाखों की लागत से पानी टंकी का निर्माण एवं पाईप लाईन का विस्तार किया जा चुका है। निर्माण पूर्ण हुए लगभग दो साल हो गए हैं लेकिन आज पर्यंत घरों में लगे नल में पानी नहीं आया है। दो साल पहले जब योजना के तहत निर्माण शुरू हुआ था तब ग्रामीणों में हर्ष का माहौल था। उन्हे उम्मीद थी कि अब जल संकट दूर हो जाएगा पर ग्रामीणों का यह सपना अधूरा है। ग्राम के कुछ लोग अन्य से पानी खरीद कर जीवन यापन कर रहे हैं। तो कुछ लम्बी दूरी तय कर पानी की व्यवस्था कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार ग्राम में जीराटोला में पानी नवीन टंकी का श्रीगणेश लम्बे समय से अटका है। यहां दो बोर से डायरेक्ट पानी सप्लाई कर घरों तक पानी पहुंचाया जा रहा है।

## यज्ञाचार्य दीवान को मारो में दी श्रद्धांजलि

**नवागढ़/मारो।** विप्र समाज के वयोवृद्ध यज्ञाचार्य कन्हैयाधर दीवान की स्मृति में उनके गृहग्राम मारो स्थित विप्र भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाटापारा से सरयू साहित्य परिषद के अध्यक्ष गौरीशंकर शर्मा एवं पत्रकार मुकेश शर्मा विशेष रूप से शामिल हुए। श्रद्धांजलि सभा की शुरुआत देव-अर्चन व पौधा पूजन से हुई। इसके पश्चात आयोजित सभा में दीवान जी के जीवन के प्रेरणादायी प्रसंगों का स्मरण करते हुए वक्ताओं ने उन्हें धर्म, सेवा और सादगी की प्रतिमूर्ति बताया।

- विप्र भवन में आयोजित सभा में भाटापारा के साहित्यकार हुए शामिल

सभा का संचालन पत्रकार मुकेश शर्मा ने किया। परिषद



अध्यक्ष गौरीशंकर शर्मा ने दीवान जी के साथ बिताए क्षणों को साझा करते हुए उन्हें धर्म साधना का सच्चा साधक बताया। वरिष्ठ सदस्य विष्णु प्रसाद मिश्रा ने मारो विप्र समाज में उनके योगदान को रेखांकित किया। आचार्य योगेश शर्मा ने कहा कि उनका जीवन धर्म, श्रद्धा और अनुशासन का अनुपम उदाहरण था। साहित्यकार संतोष चौबे ने उन्हें भावुकता के साथ 'प्रेरणा पुंज' की संज्ञा दी। कार्यक्रम के अंत में यज्ञाचार्य दीवान की स्मृति को चिरस्थायी बनाने हेतु विप्र भवन परिसर में बेल और बरगद के पौधे का रोपण किया गया। उपस्थितजनों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर विष्णु प्रसाद मिश्रा, संतोष चौबे, राजेन्द्र प्रसाद तिवारी, जितेन्द्र तिवारी, योगेश शर्मा, राजेन्द्र मिश्रा, सनत चौबे सहित समाज के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## प्रेरणा विद्यालय में व्याख्यान का किया गया आयोजन

# व्याख्यान माला में सही दिशा में मेहनत करने की प्रेरणा दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रेरणा विद्यालय में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एनआईटी रायपुर के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग प्रोफेसर और डीन (शोध और परामर्श) डॉ. शुभाषीस सान्याल और पत्रकारिता में स्वर्ण पदक विजेता गोपा सान्याल उपस्थित हुए। इस दौरान

डॉ. सान्याल ने बच्चों को मेहनत करने के साथ-साथ ही सही दिशा में मेहनत करने की प्रेरणा प्रदान की और जीवन में सचेत रहने के लिए कहा। उन्होंने बताया कि बच्चों पर विश्वास करने और जिम्मेदारियां देने



पर उन्हें आत्मविश्वास बढ़ता है और यही आत्मविश्वास उन्हें आगे बढ़ाने में सहयोग प्रदान करता है। डॉ. सान्याल ने शिक्षकों के महत्व को समझाते हुए कहा कि शिक्षक दिशा निर्देश के रूप में सदा आपका लाभ चाहते हैं और अध्ययन में सवाल करने से आपकी ज्ञान में वृद्धि होती है। उन्होंने याद करने की तकनीक के बारे में भी बताया कि बोलते हुए बार-बार पढ़ने और लिख लिख कर अभ्यास करने से आपको चीजें याद रहती हैं।

जीवन में विकल्प और लक्ष्य पर अपने अनुभव साझा करते हुए श्रीमती गोपा ने कहा कि सफल होने के लिए हमेशा आपके अंदर में सीखने की जिज्ञासा होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि आधारभूत शिक्षा जीवन में आपको आगे सहयोग करती है और बच्चों को पॉइंट बनाकर पढ़ना चाहिए।

इस मौके पर दोनों अतिथियों ने कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों द्वारा किए गए प्रश्नों के जवाब देते हुए बड़ी ही सरलता से बच्चों को प्रेरणा प्रदान की। इस अवसर पर विद्यार्थियों को सफलता की कहानियां और प्रेरणा मिली जिससे उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

### तिलक लगाकर कराया बच्चों का मुंह मीठा

**सड़क अतरिया।** ग्राम कुटेली कला में बीते दिवस प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार, जिला पंचायत सदस्य ललित चोपड़ा, जनपद सदस्य दुष्यंत जंघेल शामिल हुए। अतिथियों ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया। नवप्रवेशित छात्रों कऐ तिलक लगाकर मुंह मीठा कराया। इस मौके पर श्रीसिंह ने कहा कि शासकीय स्कूलों में मिल रही सुविधा और ज्ञान से छात्रों का भविष्य बेहतर बन रहा है। उन्होंने बच्चों से नियमित स्कूल आने और घरों में जाकर नियमित रूप से होमवर्क करने का आह्वान किया। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधि, पालक, शिक्षक एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद थे।

